कंचनजंगा अपार्टमेन्ट का संक्षिप्त विवरण

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा इंदिरा गांधी नगर सैक्टर 8, जगतपुरा, जयपुर में बहुमंजिलीय आवासीय योजना दिनांक 14.12.2012 से 21.01.2013 तक 360 (S+9) फलैट्स के लिए प्रारम्भ की गई थी। उक्त योजना मालवीय नगर से 5 किमी. जगतपुरा रेल्वे स्टेशन से 4 किमी., जवाहर सर्किल से 7 किमी. तथा खातीपुरा रेल्वे स्टेशन से लगभग 1 किमी. दूरी पर स्थित है। योजना में कुल 474 आवेदन प्राप्त हुये थें। प्रारम्भ की गई योजना में प्रति फ्लैट की अनुमानित लागत 29.60 लाख निर्धारित की गई थी, जिसके अन्तर्गत आवेदको को 1451.16 वर्गफीट सुपर बिल्टअप एरिया दिया जाना था।

परियोजना समिति द्वारा 360 (S+9) फलैट्स के स्थान पर (B+S+9) फलैट्स के निर्माण का अनुमोदन किया गया जिसके फलस्वरूप एक फ्लैटस का सुपर बिल्टअप एरिया 1451.16 वर्गफीट के स्थान पर 1548.47 वर्गफीट का सुपर बिल्टअप एरिया तथा 1248.69 बिल्टअप एरिया का निर्माण किया गया है जिसके फलस्वरूप फलैट की निर्माण लागत 29.60 लाख के स्थान पर राशि रूपये 33,55,900/– प्रति फ्लैट निर्धारित की गई है। जिसमें पार्किग चार्जेज, समिति के रख–रखाव चार्जेज , मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य चार्जेज तथा किसी प्रकार का कर सम्मिलित नही है।

उक्त योजना में प्रत्येक फ्लैट में 3 बैड रूम, 1 लिविंग रूम, 1 ड्राइंग रूम, किचन, 2 अटैच टॉयलेट, 1 स्वतंत्र टॉयलेट आदि का निर्माण किया गया है। फ्लैट में टाईलस, मार्बल, ग्रेनाईट आदि का कार्य राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा निर्धारित विशिष्टीयों के अनुरूप किया गया है।

योजना में कुल 360 फ्लैटस का निर्माण किया जाकर 306 का आवंटन किया गया है। शेष 54 अनाआवंटित फ्लैटस का निस्तारण खुली बिक्री योजना के तहत किया जाना है। योजना में कुल 6 टॉवर बी–1 से बी–6 का निर्माण किया गया है। प्रत्येक टावर में 10 व 15 पेसन्जर की लिफ्ट लगाई गई है तथा योजना में स्वतंत्र रूप से जलापूर्ति, सीवरेज, पुर्नभरण जल, बाह्य विद्युतीकरण, डी.जे. सेट , ट्रांफारमर तथा चार दिवारी का निर्माण कार्य करवाया गया है। आज दिनांक तक उक्त योजना में लगभग 220 फ्लैट का भौतिक कब्जा आवंटीयों को सम्भलवाया जा चुका है।

MIG-B (B+S+9)FLATS INDIRA GHANDHI NAGAR, JAIPUR

MIG-B (B+S+9)FLATS INDIRA GHANDHI NAGAR, JAIPUR

MIG-B (B+S+9)FLATS INDIRA GHANDHI NAGAR, JAIPUR